www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

03/FH/CC/M–2023–26

**Booklet Series**

**C**

**Candidate's Roll Number**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

Serial No. **300038**

Question Booklet

# SOCIOLOGY

**Time Allowed : 2 Hours**

**Maximum Marks : 100**

**Read the following instructions carefully before you begin to answer the questions.**

## IMPORTANT INSTRUCTIONS

1. This Question Booklet contains **100** questions in all.
2. **All** questions carry equal marks.
3. Attempt **all** questions.
4. **Immediately after commencement of the examination, you should check up your Question Booklet and ensure that the Question Booklet Series is printed on the top right-hand corner of the Booklet. Please check that the Booklet contains 32 printed pages including two pages (Page Nos. 30 and 31) for Rough Work and no page or question is missing or unprinted or torn or repeated. If you find any defect in this Booklet, get it replaced immediately by a complete Booklet of the same series.**
5. If there is any sort of mistake either of printing or of factual nature, then out of English and Hindi versions of the questions, the English version will be treated as standard.
6. You must write your Roll Number in the space provided on the top of this page. Do not write anything else on the Question Booklet.
7. An Answer Sheet will be supplied to you separately by the Invigilator to mark the answers. **You must write your Name, Roll No., Question Booklet Series and other particulars in the space provided on Page–2 of the Answer Sheet provided, failing which your Answer Sheet will not be evaluated.**
8. You should encode your **Roll Number** and the **Question Booklet Series A, B, C or D** as it is printed on the top right-hand corner of the Question Booklet with Black/Blue ink ballpoint pen in the space provided on **Page–2** of your Answer Sheet. **If you do not encode or fail to encode the correct series of your Question Booklet, your Answer Sheet will not be evaluated correctly.**
9. Questions and their responses are printed in English and Hindi versions in this Booklet. Each question comprises of **four** responses—(A), (B), (C) and (D). You are to select ONLY ONE correct response and mark it in your Answer Sheet. In case you feel that there are more than one correct response, mark the response which you consider the best. In any case choose ONLY ONE response for each question. Your total marks will depend on the number of correct responses marked by you in the Answer Sheet.
10. In the Answer Sheet, there are **four** circles—(A), (B), (C) and (D) against each question. To answer the questions, you are to mark with **Black/Blue ink ballpoint pen ONLY ONE circle** of your choice for each question. Select only one response for each question and mark it in your Answer Sheet. If you mark more than one circle for one question, the answer will be treated as wrong. **Use Black/Blue ink ballpoint pen only to mark the answer in the Answer Sheet. Any erasure or change is not allowed.**
11. You should not remove or tear off any sheet from the Question Booklet. You are not allowed to take this Question Booklet and the Answer Sheet out of the Examination Hall during the examination. **After the examination has concluded, you must hand over your Answer Sheet to the Invigilator.** Thereafter, you are permitted to take away the Question Booklet with you.
12. Failure to comply with any of the above instructions will render you liable to such action or penalty as the Commission may decide at their discretion.

**ध्यान दें :** अनुदेशों का हिन्दी रूपान्तर इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर छपा है।

SEAL

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

1. Who has described the Sociology as 'the queen of the sciences'?

(A) G. S. Ghurye

(B) Auguste Comte

(C) J. S. Coleman

(D) Lindesmith

2. The example of culture trait is

(A) handshake

(B) kiss

(C) None of the above

(D) Both (A) and (B)

3. Who was of the view that to liberate women, the housewife role must be abolished?

(A) Ann Oakley

(B) Alice Rossi

(C) S. Firestone

(D) Frank Parkin

4. Who among the following discussed about the functions of education?

(A) Durkheim

(B) Parsons

(C) Davis and Moore

(D) All of them

5. Who among the following believed that the invention of writing moved societies from the primitive level to the intermediate level?

(A) Kingsley Davis

(B) R. K. Merton

(C) Max Weber

(D) T. Parsons

6. Which one is not a primary kin?

(A) Husband-wife

(B) Uncle (father's brother)

(C) Father-son

(D) Brother-sister

7. Who has propounded the theory of demographic transition?

(A) Thomas R. Malthus

(B) Edwin Cannan

(C) C. P. Blacker

(D) F. Notestein

8. Who classifies human societies into three main levels of development—primitive, intermediate and modern?

(A) T. Parsons

(B) Auguste Comte

(C) Robert Park

(D) Karl Marx

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

1. किसने समाजशास्त्र को 'विज्ञानों की रानी' के रूप में विवेचित किया है?

(A) जी० एस० घुर्ये

(B) अगस्त कॉम्ट

(C) जे० एस० कोलमैन

(D) लिण्डस्मिथ

2. संस्कृति लक्षण/विशिष्टता का उदाहरण है

(A) हाथ मिलाना

(B) चुम्बन

(C) उपरोक्त में से कोई नहीं

(D) (A) और (B) दोनों

3. कौन यह विचार रखता था कि महिला मुक्ति हेतु गृहिणी की भूमिका को समाप्त कर दिया जाना चाहिए?

(A) एन ओकले

(B) एलिस रोज़ी

(C) एस० फायरस्टोन

(D) फ्रैंक पार्किन

4. इनमें से किसने शिक्षा के प्रकार्य पर विवेचना की है?

(A) दुर्खीम

(B) पार्सन्स

(C) डेविस एवं मूरे

(D) इनमें से सभी

5. इनमें से किसका विश्वास था कि लेखन में आविष्कार के कारण समाज आदिम स्तर से माध्यमिक स्तर की ओर अग्रसर हुआ?

(A) किंग्सले डेविस

(B) आर० के० मर्टन

(C) मैक्स वेबर

(D) टी० पार्सन्स

6. कौन-सा एक प्राथमिक सम्बन्धी नहीं है?

(A) पति-पत्नी

(B) चाचा (पिता का भाई)

(C) पिता-पुत्र

(D) भाई-बहन

7. किसने जनांकिकीय संक्रमण सिद्धान्त प्रतिपादित किया?

(A) थॉमस आर० माल्थस

(B) एडविन कैनन

(C) सी० पी० ब्लेकर

(D) एफ० नॉटेस्टीन

8. किसने मानव समाजों को विकास के तीन प्रमुख स्तरों—आदिम, माध्यमिक एवं आधुनिक में वर्गीकृत किया है?

(A) टी० पार्सन्स

(B) अगस्त कॉम्ट

(C) रॉबर्ट पार्क

(D) कार्ल मार्क्स

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**9.** Who among the following Indian sociologists has consistently advocated and applied dialectical-historical model in his sociological studies?

(A) Yogendra Singh

(B) M. N. Panini

(C) P. N. Prabhu

(D) A. R. Desai

**10.** Who among the following is of the view that in the face of industrialization, urbanization, land division, migration, education, mobility, education and employment of women, structural change has occurred but functional jointness continues?

(A) Milton Singer

(B) K. M. Kapadia

(C) Both (A) and (B)

(D) None of them

**11.** Culture is made up of ideas. In which form these ideas exist?

(A) Symbolic

(B) Scientific

(C) Musical

(D) Morale

**12.** Who talked about the 'multiple factor theory of caste'?

(A) G. S. Ghurye

(B) E. Senart

(C) S. C. Roy

(D) Nesfield

**13.** Who defined social structure in terms of social status and roles of the individual in the society?

(A) T. Parsons

(B) Fred Eggan and S. F. Nadel

(C) T. Parsons and V. Pareto

(D) R. K. Merton

**14.** Which one is a formal means of control?

(A) Law

(B) Mores

(C) Folkways

(D) All of the above

**15.** According to Parsons, how many functional pre-requisites are there?

(A) 8

(B) 6

(C) 4

(D) 2

www.prepp.in

**9.** इनमें से किस भारतीय समाजशास्त्री ने अपने समाजशास्त्रीय अध्ययनों में लगातार द्वन्द्वात्मक-ऐतिहासिक मॉडल की वकालत की और उसे लागू किया है?

(A) योगेन्द्र सिंह

(B) एम० एन० पाणिनी

(C) पी० एन० प्रभु

(D) ए० आर० देसाई

**10.** इनमें से कौन यह विचार रखता है कि औद्योगीकरण, नगरीकरण, भूमि वितरण, प्रव्रजन, शिक्षा, गतिशीलता, महिलाओं की शिक्षा और रोजगार के बावजूद, संरचनात्मक परिवर्तन हुआ है, किन्तु प्रकार्यात्मक संयुक्तता बनी हुई है?

(A) मिल्टन सिंगर

(B) के० एम० कपाड़िया

(C) (A) और (B) दोनों

(D) इनमें से कोई नहीं

**11.** संस्कृति विचारों से बनी होती है। ये विचार किस स्वरूप में अस्तित्व में आते हैं?

(A) प्रतीकात्मक

(B) वैज्ञानिक

(C) संगीतमय

(D) नैतिक

**12.** किसने 'जाति के विविध कारक सिद्धान्त' की बात कही है?

(A) जी० एस० घुर्ये

(B) ई० सेनार्ट

(C) एस० सी० रॉय

(D) नेसफील्ड

**13.** किसने सामाजिक संरचना को समाज में व्यक्ति की सामाजिक प्रस्थिति और भूमिकाओं के सन्दर्भ में परिभाषित किया है?

(A) टी० पार्सन्स

(B) फ्रेड ईगान एवं एस० एफ० नाडेल

(C) टी० पार्सन्स एवं वी० पैरेटो

(D) आर० के० मर्टन

**14.** कौन-सा एक नियन्त्रण का औपचारिक साधन है?

(A) कानून

(B) लोकाचार

(C) जनरीतियाँ

(D) उपर्युक्त सभी

**15.** पार्सन्स के अनुसार, प्रकार्यात्मक पूर्व-आवश्यकताएँ कितनी हैं?

(A) 8

(B) 6

(C) 4

(D) 2

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**16.** Who is the author of the book, *India's Changing Villages*?

(A) M. N. Srinivas

(B) S. C. Dube

(C) Yogendra Singh

(D) Leela Dube

**17.** Who is the author of the book, *Sociology of Religion*?

(A) E. Durkheim

(B) W. E. Fisher

(C) Max Weber

(D) M. N. Srinivas

**18.** Who said, "By group we mean any collection of human beings who are brought into social relationships with one another"?

(A) Auguste Comte

(B) MacIver and Page

(C) H. M. Johnson

(D) C. H. Cooley

**19.** In which year was the Family Planning Programme launched in India?

(A) 1947

(B) 1950

(C) 1952

(D) 1954

**20.** Which one is the example of achieved status?

(A) Girl

(B) Brahmin

(C) Doctor

(D) Boy

**21.** Who has classified the crowd in two main groups?

(A) H. Ginsberg

(B) Kimball Young

(C) Allport

(D) P. V. Young

**22.** Who said, "Culture is the man-made part of environment"?

(A) A. L. Kroeber

(B) Franz Boas

(C) Ralph Linton

(D) M. J. Herskovits

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**16.** *इंडियाज़ चेन्जिंग विलेजेस* पुस्तक के लेखक कौन हैं?

(A) एम० एन० श्रीनिवास

(B) एस० सी० दुबे

(C) योगेन्द्र सिंह

(D) लीला दुबे

**17.** *सोशियोलॉजी ऑफ रिलिजन* के लेखक कौन हैं?

(A) ई० दुर्खीम

(B) डब्ल्यू० ई० फिशर

(C) मैक्स वेबर

(D) एम० एन० श्रीनिवास

**18.** किसने कहा, "समूह से हमारा तात्पर्य मनुष्यों के किसी भी समूह से है जिन्हें एक-दूसरे से सामाजिक सम्बन्धों के अन्तर्गत लाया जाता है"?

(A) अगस्त कॉम्ट

(B) मैकाइवर एवं पेज

(C) एच० एम० जॉनसन

(D) सी० एच० कूले

**19.** भारत में परिवार नियोजन कार्यक्रम किस वर्ष प्रारम्भ हुआ था?

(A) 1947

(B) 1950

(C) 1952

(D) 1954

**20.** अर्जित प्रस्थिति का कौन एक उदाहरण है?

(A) लड़की

(B) ब्राह्मण

(C) चिकित्सक

(D) लड़का

**21.** भीड़ को दो मुख्य समूहों में किसने वर्गीकृत किया है?

(A) एच० जिन्सबर्ग

(B) किम्बॉल यंग

(C) ऑलपोर्ट

(D) पी० वी० यंग

**22.** किसने कहा, "संस्कृति पर्यावरण का मानव-निर्मित हिस्सा है"?

(A) ए० एल० क्रोबर

(B) फ्रेन्ज बोआज़

(C) राल्फ लिण्टन

(D) एम० जे० हर्सकोविट्स

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**23.** Which of the following is an example where environmental and religious organizations came together to argue for the preservation of a sacred geography?

(A) Narmada Bachao Andolan

(B) The Vrindavan Conservation Project

(C) Both (A) and (B)

(D) None of the above

**24.** Who was of the view that society begins as germs?

(A) Herbert Spencer

(B) Auguste Comte

(C) Adam Smith

(D) V. Pareto

**25.** What is the central belief in Hinduism according to Max Weber?

(A) Moksha

(B) Re-birth

(C) The doctrine of Dharma

(D) The doctrine of Karma

**26.** According to Emile Durkheim, mechanical solidarity is found in which societies?

(A) Pre-industrial

(B) Industrial

(C) Post-industrial

(D) None of the above

**27.** Who is the author of the book, *After a Century and a Quarter*?

(A) Gilbert Slater

(B) G. S. Ghurye

(C) Yogesh Atal

(D) F. G. Bailey

**28.** Who among the following studied the same village twice with a gap of nearly three decades?

(A) Pauline Kolenda

(B) S. C. Dube

(C) D. N. Majumdar

(D) Oscar Lewis

**29.** Who has propounded the concept of 'collective representation'?

(A) Durkheim

(B) Karl Marx

(C) Coser

(D) Max Weber

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**23.** निम्नलिखित में से कौन-सा एक उदाहरण है जहाँ एक पवित्र भूगोल के संरक्षण के लिए बहस हेतु पर्यावरणीय और धार्मिक संगठन एकसाथ आए?

(A) नर्मदा बचाओ आन्दोलन

(B) वृन्दावन संरक्षण परियोजना

(C) (A) एवं (B) दोनों

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**24.** कौन यह विचार रखता था कि समाज का प्रारम्भ कीटाणु की तरह होता है?

(A) हरबर्ट स्पेन्सर

(B) अगस्त कॉम्ट

(C) ऐडम स्मिथ

(D) वी० पैरेटो

**25.** मैक्स वेबर के अनुसार, हिन्दुत्व में केन्द्रीय विश्वास क्या है?

(A) मोक्ष

(B) पुनर्जन्म

(C) धर्म का सिद्धान्त

(D) कर्म का सिद्धान्त

**26.** इमाईल दुर्खीम के अनुसार, यान्त्रिक सुदृढ़ता किन समाजों में पायी जाती है?

(A) पूर्व-औद्योगिक

(B) औद्योगिक

(C) उत्तर-औद्योगिक

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**27.** *आफ्टर ए सेन्चुरी ऐंड ए क्वार्टर* पुस्तक के लेखक कौन हैं?

(A) गिल्बर्ट स्लेटर

(B) जी० एस० घुर्ये

(C) योगेश अटल

(D) एफ० जी० बेली

**28.** इनमें से किसने लगभग तीन दशकों के अन्तराल पर एक ही गाँव का दो बार अध्ययन किया?

(A) पौलाइन कोलेण्डा

(B) एस० सी० दुबे

(C) डी० एन० मजूमदार

(D) ऑस्कर लेविस

**29.** 'सामूहिक प्रतिनिधित्व' की अवधारणा किसने प्रतिपादित की?

(A) दुर्खीम

(B) कार्ल मार्क्स

(C) कोज़र

(D) मैक्स वेबर

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**30.** Who has propounded the concept of 'surplus value'?

(A) Max Weber

(B) Georg Simmel

(C) L. Gumplowicz

(D) Karl Marx

**31.** Who among the following conducted the study of Mohana village of Uttar Pradesh in 1958?

(A) Yogendra Singh

(B) S. C. Dube

(C) M. N. Srinivas

(D) D. N. Majumdar

**32.** Whose theory of social change is called 'historical materialism' or 'dialectical materialism'?

(A) A. Toffler

(B) A. Etzioni

(C) Karl Marx

(D) W. E. Moore

**33.** "For jointness, co-residentiality is essential." Who was of this view?

(A) Iravati Karve

(B) I. P. Desai

(C) R. K. Mukerjee

(D) K. M. Kapadia

**34.** Who has defined anomie on the basis of the gap between the cultural goals in society and the available institutional means to attain them?

(A) T. Parsons

(B) R. K. Merton

(C) Karl Marx

(D) V. Pareto

**35.** Among the following, who has divided society into 'mechanical solidarity' and 'organic solidarity'?

(A) Auguste Comte

(B) P. A. Sorokin

(C) Karl Marx

(D) E. Durkheim

**36.** Which of the following Indologists was of the opinion that, 'Sociology of India lies at the confluence of Sociology and Indology'?

(A) Louis Dumont

(B) G. S. Ghurye

(C) K. M. Kapadia

(D) Iravati Karve

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**30.** किसने 'अतिरिक्त मूल्य' की अवधारणा प्रतिपादित की है?

(A) मैक्स वेबर

(B) जॉर्ज सिमेल

(C) एल० गमप्लोविज़

(D) कार्ल मार्क्स

**31.** इनमें से किसने 1958 में उत्तर प्रदेश के मोहाना गाँव का अध्ययन किया?

(A) योगेन्द्र सिंह

(B) एस० सी० दुबे

(C) एम० एन० श्रीनिवास

(D) डी० एन० मजूमदार

**32.** किसका सामाजिक परिवर्तन का सिद्धान्त 'ऐतिहासिक भौतिकवाद' या 'द्वन्द्वात्मक भौतिकवाद' कहा जाता है?

(A) ए० टॉफलर

(B) ए० इटजियोनी

(C) कार्ल मार्क्स

(D) डब्ल्यू० ई० मूरे

**33.** "संयुक्तता के लिए सह-निवास आवश्यक है।" इस विचार वाला कौन था?

(A) ईरावती कर्वे

(B) आइ० पी० देसाई

(C) आर० के० मुकर्जी

(D) के० एम० कपाड़िया

**34.** किसने आदर्श शून्यता को समाज के सांस्कृतिक लक्ष्यों तथा उनको प्राप्त करने के लिए उपलब्ध संस्थागत साधनों में रिक्तता के रूप में परिभाषित किया है?

(A) टी० पार्सन्स

(B) आर० के० मर्टन

(C) कार्ल मार्क्स

(D) वी० पैरेटो

**35.** इनमें से किसने समाज को 'यान्त्रिक सुदृढ़ता' एवं 'सावयवी सुदृढ़ता' में विभाजित किया है?

(A) अगस्त कॉम्ट

(B) पी० ए० सोरोकिन

(C) कार्ल मार्क्स

(D) ई० दुर्खीम

**36.** इनमें से किस भारतविद् (इंडोलॉजिस्ट) का मत था कि 'भारत का समाजशास्त्र, समाजशास्त्र और भारतीय विद्या (इंडोलॉजी) के संगम पर स्थित है'?

(A) लुई ड्युमा

(B) जी० एस० घुर्ये

(C) के० एम० कपाड़िया

(D) ईरावती कर्वे

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**37.** According to Max Weber, bureaucracy is an expression of

(A) personal authority

(B) rational-legal authority

(C) charismatic authority

(D) traditional authority

**38.** When was Sociology emerged as separate social science in Europe?

(A) 17th century

(B) 18th century

(C) 19th century

(D) 21st century

**39.** What is/are the base/bases of community according to MacIver and Page?

(A) Locality and community sentiment

(B) Interdependence

(C) We-feeling

(D) Social coherence

**40.** Indian social thought begins with

(A) The Upanishads

(B) The *Gita*

(C) The *Ramayana*

(D) The Vedas

**41.** Who defined anomie as the state of normlessness in society?

(A) Karl Marx

(B) T. Parsons

(C) Max Weber

(D) Durkheim

**42.** What was emphasized by Comte through his 'law of three stages'?

(A) Cultural evolution

(B) Social evolution

(C) Moral and intellectual evolution

(D) Economic evolution

**43.** Identify which one is a primary group.

(A) People working in a primary school

(B) People working in a hospital

(C) Family

(D) None of the above

**44.** Who said, "... the laboratory of sociology is the world of everyday living"?

(A) H. M. Johnson

(B) R. K. Merton

(C) MacIver and Page

(D) Lundberg

www.prepp.in

**37.** मैक्स वेबर के अनुसार, नौकरशाही एक अभिव्यक्ति है

(A) व्यक्तिगत सत्ता की

(B) तार्किक-विधिक सत्ता की

(C) करिश्माई सत्ता की

(D) परम्परागत सत्ता की

**38.** यूरोप में समाजशास्त्र कब अलग समाज-विज्ञान के रूप में उद्भव हुआ?

(A) 17वीं शताब्दी

(B) 18वीं शताब्दी

(C) 19वीं शताब्दी

(D) 21वीं शताब्दी

**39.** मैकाइवर और पेज के अनुसार, समुदाय का/के आधार क्या है/हैं?

(A) स्थानीयता और सामुदायिक भावना

(B) अन्तर्निर्भरता

(C) हम की भावना

(D) सामाजिक सम्बद्धता

**40.** भारतीय सामाजिक चिन्तन प्रारम्भ होता है

(A) उपनिषद् से

(B) *गीता* से

(C) *रामायण* से

(D) वेदों से

**41.** किसने आदर्श शून्यता (एनोमी) को समाज में आदर्श शून्यता की दशा के रूप में परिभाषित किया है?

(A) कार्ल मार्क्स

(B) टी० पार्सन्स

(C) मैक्स वेबर

(D) दुर्खीम

**42.** कॉम्ट ने अपने 'त्रिस्तरीय नियम' द्वारा किस बात पर बल दिया है?

(A) सांस्कृतिक उद्विकास

(B) सामाजिक उद्विकास

(C) नैतिक एवं बौद्धिक उद्विकास

(D) आर्थिक उद्विकास

**43.** बताइए कि कौन-सा एक प्राथमिक समूह है।

(A) किसी प्राथमिक विद्यालय में कार्यरत लोग

(B) किसी अस्पताल में कार्यरत लोग

(C) परिवार

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**44.** किसने कहा, "... समाजशास्त्र की प्रयोगशाला प्रतिदिन के जीवन का विश्व है"?

(A) एच० एम० जॉनसन

(B) आर० के० मर्टन

(C) मैकाइवर और पेज

(D) लुण्डबर्ग

www.prepp.in

Your Personal Exams Guide

**45.** Whose views are the following?

(i) Division of labour is exploitative.

(ii) Division of labour strips the worker of all control.

(iii) The problem of the industrial world is capitalism itself.

(A) Herbert Spencer

(B) E. Durkheim

(C) Karl Marx

(D) Adam Smith

**46.** Some of the essential elements of a crowd are

(A) gathering

(B) polarization

(C) mutual influence

(D) All of the above

**47.** Who called the functional aspect of society as 'social physiology'?

(A) Auguste Comte

(B) Herbert Spencer

(C) Radcliffe-Brown

(D) Karl Marx

**48.** Who is the author of the book, *Caste in Indian Politics*?

(A) Anil Bhatt

(B) Rajni Kothari

(C) Y. B. Damle

(D) V. M. Sirsikar

**49.** With whom is Tana Bhagat Movement related?

(A) Scheduled Castes

(B) Scheduled Tribes

(C) Backward Castes

(D) Brahmins

**50.** Who introduced the idea of a culture of poverty in the late 1950s?

(A) Oscar Lewis

(B) Karl Marx

(C) A. W. Green

(D) Townsend

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**45.** निम्नलिखित दृष्टिकोण किसका है?

(i) श्रम-विभाजन शोषणकारी है।

(ii) श्रम-विभाजन श्रमिकों को सभी नियन्त्रणों से वंचित कर देता है।

(iii) औद्योगिक विश्व की समस्या पूँजीवाद स्वयं है।

(A) हरबर्ट स्पेन्सर

(B) ई० दुर्खीम

(C) कार्ल मार्क्स

(D) ऐडम स्मिथ

**46.** भीड़ के कुछ आवश्यक तत्त्व हैं

(A) जमावड़ा

(B) ध्रुवीकरण

(C) पारस्परिक प्रभाव

(D) उपर्युक्त सभी

**47.** किसने समाज के प्रकार्यात्मक पक्ष को 'सामाजिक फिजियोलॉजी' (सामाजिक शरीरविज्ञान) कहा?

(A) अगस्त कॉम्ट

(B) हरबर्ट स्पेन्सर

(C) रैडक्लिफ-ब्राउन

(D) कार्ल मार्क्स

**48.** *कास्ट इन इंडियन पॉलिटिक्स* के लेखक कौन हैं?

(A) अनिल भट्ट

(B) रजनी कोठारी

(C) वाई० बी० दामले

(D) वी० एम० सिरसीकर

**49.** 'ताना भगत आन्दोलन' किससे सम्बन्धित है?

(A) अनुसूचित जाति

(B) अनुसूचित जनजाति

(C) पिछड़ी जाति

(D) ब्राह्मण

**50.** 1950 के उत्तरार्द्ध में किसने गरीबी की संस्कृति के विचार से अवगत कराया?

(A) ऑस्कर लेविस

(B) कार्ल मार्क्स

(C) ए० डब्ल्यू० ग्रीन

(D) टाउनसेण्ड

www.prepp.in

**51.** The study of social dynamics and social statics are the twin pillars of whose system?

(A) Auguste Comte

(B) Herbert Spencer

(C) Emile Durkheim

(D) Karl Marx

**52.** Who is the author of the book, *Scientific Social Surveys and Research*?

(A) Goode and Hatt

(B) C. A. Moser

(C) P. V. Young

(D) Kimball Young

**53.** How many major types of social action are distinguished in Weber's Sociology?

(A) 1

(B) 2

(C) 3

(D) 4

**54.** According to whom, the environmental struggles in India have largely been characterized as the 'environmentalism of the poor'?

(A) Amita Baviskar

(B) Ramachandra Guha

(C) Madhav Gadgil

(D) K. L. Sharma

**55.** Who said, "History is a graveyard of aristocracies"?

(A) Karl Marx

(B) P. A. Sorokin

(C) Vilfredo Pareto

(D) Max Weber

**56.** Who propounded the theory of scientific management?

(A) Elton Mayo

(B) F. W. Taylor

(C) Dickson

(D) Roethlisberger

**57.** Who said that, sociological language like the language of other science is 'abstract'?

(A) Auguste Comte

(B) MacIver and Page

(C) H. M. Johnson

(D) Herbert Spencer

**58.** Who among the following hypothesizes that change first occurs within the family (latent, emotional ties) and then of the family (manifest, structural ties)?

(A) R. D. Naik

(B) S. C. Dube

(C) Both (A) and (B)

(D) None of them

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**51.** सामाजिक गत्यात्मकता और सामाजिक स्थैतिकी का अध्ययन किसकी व्यवस्था के दो स्तम्भ हैं?

(A) अगस्त कॉम्ट

(B) हरबर्ट स्पेन्सर

(C) इमाईल दुर्खीम

(D) कार्ल मार्क्स

**52.** *साइंटिफिक सोशल सर्वेज़ ऐंड रिसर्च* पुस्तक के लेखक कौन हैं?

(A) गुडे एवं हाट

(B) सी० ए० मोज़र

(C) पी० वी० यंग

(D) किम्बॉल यंग

**53.** वेबर के समाजशास्त्र में कितने मुख्य प्रकार की सामाजिक क्रिया पहचानी जाती हैं?

(A) 1

(B) 2

(C) 3

(D) 4

**54.** किसके अनुसार भारत में पर्यावरण-सम्बन्धी संघर्षों को मोटे तौर पर 'गरीबों का पर्यावरणवाद' कहा गया है?

(A) अमिता बाविस्कर

(B) रामचन्द्र गुहा

(C) माधव गाडगिल

(D) के० एल० शर्मा

**55.** किसने कहा, "इतिहास कुलीनतन्त्र का कब्रिस्तान है"?

(A) कार्ल मार्क्स

(B) पी० ए० सोरोकिन

(C) विल्फ्रेडो पैरेटो

(D) मैक्स वेबर

**56.** वैज्ञानिक प्रबन्ध का सिद्धान्त किसने प्रतिपादित किया?

(A) एल्टन मायो

(B) एफ० डब्ल्यू० टेलर

(C) डिकसन

(D) रूथलिसबर्जर

**57.** किसने कहा कि समाजशास्त्रीय भाषा अन्य विज्ञान की भाषा की तरह 'अमूर्त' होती है?

(A) अगस्त कॉम्ट

(B) मैकाइवर एवं पेज

(C) एच० एम० जॉनसन

(D) हरबर्ट स्पेन्सर

**58.** इनमें से किसने यह परिकल्पना की कि परिवर्तन पहले परिवार के अन्तर्गत (अव्यक्त, भावनात्मक संबंधों) और तत्पश्चात् परिवार (प्रकट, संरचनात्मक संबंधों) का होता है?

(A) आर० डी० नाइक

(B) एस० सी० दुबे

(C) (A) और (B) दोनों

(D) इनमें से कोई नहीं

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**59.** Who is the author of the book, *Street Corner Society*?

(A) W. F. Whyte

(B) Alex Inkeles

(C) T. Parsons

(D) Newcomb

**60.** Who among the following formulated in a neo-Marxian framework the global economic interconnections in terms of relationship among the core (world of imperial markets), the periphery (economically dependent economies) and the semi-periphery?

(A) I. Wallerstein

(B) A. Giddens

(C) J. A. Beckford

(D) R. Robertson

**61.** Who among the following put forward the idea of the 'fringe society' as a tool to study the process of urbanization?

(A) M. N. Srinivas

(B) S. C. Dube

(C) M. S. A. Rao

(D) K. L. Sharma

**62.** Who among the following scholars propounded the hypothesis that industrialization and urbanization will lead to the development of a nuclear or a conjugal family system?

(A) W. J. Goode

(B) I. P. Desai

(C) K. Gough

(D) B. S. Cohn

**63.** Who among the following developed the evolutionary perspective?

(A) Auguste Comte

(B) Herbert Spencer

(C) Karl Marx

(D) All of them

**64.** In which year was the Hindu Marriage Disabilities Removal Act enacted?

(A) 1942

(B) 1946

(C) 1956

(D) 1966

www.prepp.in

59. *स्ट्रीट कॉर्नर सोसाइटि* पुस्तक के लेखक कौन हैं?

(A) डब्ल्यू० एफ० वाइट

(B) एलेक्स इंकेल्स

(C) टी० पार्सन्स

(D) न्यूकॉम्ब

60. इनमें से किसने एक नव-मार्क्सवादी ढाँचे में मुख्य (साम्राज्यिक बाजारों की दुनिया), परिधि (आर्थिक रूप से निर्भर अर्थव्यवस्थाओं) और अर्ध-परिधि के बीच सम्बन्धों के सन्दर्भ में वैश्विक आर्थिक अन्तर्सम्बन्धों को सूत्रबद्ध किया है?

(A) आइ० वालेरस्टी

(B) ए० गिडेन्स

(C) जे० ए० बेकफोर्ड

(D) आर० रॉबर्टसन

61. इनमें से किसने नगरीकरण की प्रक्रिया के अध्ययन के लिए 'फ्रिन्ज सोसाइटि' के विचार को एक उपकरण के रूप में आगे बढ़ाया?

(A) एम० एन० श्रीनिवास

(B) एस० सी० दुबे

(C) एम० एस० ए० राव

(D) के० एल० शर्मा

62. इनमें से किस विद्वान ने इस परिकल्पना को प्रतिपादित किया कि औद्योगीकरण और नगरीकरण एकाकी या दाम्पत्यमूलक परिवार/संयुग्मित परिवार-व्यवस्था को विकास की ओर ले जायेगा?

(A) डब्ल्यू० जे० गुडे

(B) आइ० पी० देसाई

(C) के० गॉफ

(D) बी० एस० कोहन

63. इनमें से किसने उद्विकासीय परिप्रेक्ष्य को विकसित किया?

(A) अगस्त कॉम्ट

(B) हरबर्ट स्पेन्सर

(C) कार्ल मार्क्स

(D) इनमें से सभी

64. किस वर्ष हिन्दू विवाह निर्योग्यता निवारण अधिनियम पारित हुआ?

(A) 1942

(B) 1946

(C) 1956

(D) 1966

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**65.** Who developed the distinction between the small, intimate group and the large-scale group?

(A) J. L. Moreno

(B) C. H. Cooley

(C) G. A. Lundberg

(D) F. Tönnies

**66.** Who developed the concept of 'formal sociology'?

(A) C. H. Cooley

(B) Auguste Comte

(C) MacIver and Page

(D) G. Simmel

**67.** What is the literacy rate of Bihar as per 2011 Census?

(A) 94·0%

(B) 92·3%

(C) 67·7%

(D) 63·8%

**68.** Who among the following first gave the concept of 'reference group'?

(A) T. Parsons

(B) H. Hyman

(C) R. K. Merton

(D) H. Blumer

**69.** Who has given the concept of 'Verstehen'?

(A) Mosca

(B) Karl Marx

(C) Max Weber

(D) V. Pareto

**70.** The adult members of every household must fulfill which of the following conditions for guaranteed rural employment under the National Rural Employment Guarantee Act, 2005?

(A) Reside in any rural areas

(B) Are willing to do unskilled manual work

(C) Both (A) and (B)

(D) None of the above

**71.** Who among the following used the terms 'in-group' and 'out-group'?

(A) H. M. Johnson

(B) R. K. Merton

(C) T. Parsons

(D) W. G. Sumner

**72.** A sociologist is a/an

(A) reformer

(B) preacher

(C) revolutionary

(D) objective inquirer

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**65.** किसने लघु, घनिष्ठ समूह और वृहत् समूह में विभेद विकसित किया?

(A) जे० एल० मोरेनो

(B) सी० एच० कूले

(C) जी० ए० लुण्डबर्ग

(D) एफ० टोनीज़

**66.** 'औपचारिक समाजशास्त्र' की अवधारणा किसने विकसित की?

(A) सी० एच० कूले

(B) अगस्त कॉम्ट

(C) मैकाइवर एवं पेज

(D) जी० सिमेल

**67.** 2011 की जनगणना के अनुसार, बिहार की साक्षरता दर कितनी है?

(A) 94·0%

(B) 92·3%

(C) 67·7%

(D) 63·8%

**68.** इनमें से किसने सर्वप्रथम 'सन्दर्भ समूह' की अवधारणा प्रस्तुत की?

(A) टी० पार्सन्स

(B) एच० हाइमैन

(C) आर० के० मर्टन

(D) एच० ब्लूमर

**69.** 'वरस्टेहन' की अवधारणा किसने दी है?

(A) मोस्का

(B) कार्ल मार्क्स

(C) मैक्स वेबर

(D) वी० पैरेटो

**70.** राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम, 2005 के तहत ग्रामीण रोजगार की गारंटी के लिए प्रत्येक घर के वयस्क सदस्यों को निम्नलिखित में से कौन-सी शर्त को पूरा करना चाहिए?

(A) किसी ग्रामीण क्षेत्र में निवास

(B) अकुशल शारीरिक कार्य करने के इच्छुक

(C) (A) और (B) दोनों

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**71.** इनमें से किसने 'अन्तःसमूह' और 'बाह्य समूह' शब्दों का प्रयोग किया है?

(A) एच० एम० जॉनसन

(B) आर० के० मर्टन

(C) टी० पार्सन्स

(D) डब्ल्यू० जी० समनर

**72.** एक समाजशास्त्री _____ होता है।

(A) एक सुधारक

(B) एक उपदेशक

(C) एक क्रान्तिकारी

(D) एक वस्तुनिष्ठ जाँचकर्ता

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**73.** Who was of the view that totemism is the most simple form of religion?

(A) Max Weber

(B) Radcliffe-Brown

(C) Karl Marx

(D) E. Durkheim

**74.** Which model is originated in the writings of George Herbert Mead?

(A) Functional

(B) Conflict

(C) Interactionist

(D) Evolutionary

**75.** Who among the following is not a conflict sociologist?

(A) Karl Marx

(B) Louis Wirth

(C) Georg Simmel

(D) Ludwig Gumplowicz

**76.** Who has written that, 'the unity of all sciences consists alone in its method not in its material'?

(A) Karl Pearson

(B) Goode and Hatt

(C) P. V. Young

(D) G. A. Lundberg

**77.** Who has given the concept of Gemeinschaft and Gesellschaft?

(A) Metta Spencer

(B) F. Tönnies

(C) Max Weber

(D) P. A. Sorokin

**78.** Who believed that society is governed by certain 'social laws' just as the physical universe is governed by certain 'physical laws'?

(A) Auguste Comte

(B) Herbert Spencer

(C) Karl Marx

(D) P. A. Sorokin

**79.** According to Durkheim, the organic solidarity is a product of

(A) value system

(B) division of labour

(C) legal system

(D) moral system

www.prepp.in

**73.** किसका यह दृष्टिकोण था कि टोटमवाद धर्म का सबसे सरल स्वरूप था?

(A) मैक्स वेबर

(B) रैडक्लिफ-ब्राउन

(C) कार्ल मार्क्स

(D) ई० दुर्खीम

**74.** जॉर्ज हरबर्ट मीड के लेखन से कौन-से मॉडल का उद्भव होता है?

(A) प्रकार्यात्मक

(B) संघर्ष

(C) अन्तर्क्रियात्मक

(D) उद्विकासीय

**75.** इनमें से कौन एक संघर्ष समाजशास्त्री नहीं है?

(A) कार्ल मार्क्स

(B) लुई विर्थ

(C) जॉर्ज सिमेल

(D) लुडविग गमप्लोविज़

**76.** किसने यह लिखा है कि 'समस्त विज्ञानों की एकता मात्र उसकी पद्धति में निहित है न कि विषय-वस्तु में'?

(A) कार्ल पियर्सन

(B) गुडे एवं हाट

(C) पी० वी० यंग

(D) जी० ए० लुण्डबर्ग

**77.** जेमेनशैफ्ट और जेसलशैफ्ट की अवधारणा किसने दी है?

(A) मेटा स्पेन्सर

(B) एफ० टॉनीज़

(C) मैक्स वेबर

(D) पी० ए० सोरोकिन

**78.** कौन विश्वास करता था कि समाज वैसे ही कुछ 'सामाजिक नियमों' के द्वारा शासित होता है जैसा कि भौतिक जगत् कुछ 'भौतिक नियमों' से शासित होता है?

(A) अगस्त कॉम्ट

(B) हरबर्ट स्पेन्सर

(C) कार्ल मार्क्स

(D) पी० ए० सोरोकिन

**79.** दुर्खीम के अनुसार, सावयवी सुदृढ़ता किसका उत्पाद है?

(A) मूल्य व्यवस्था

(B) श्रम-विभाजन

(C) कानूनी व्यवस्था

(D) नैतिक व्यवस्था

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**80.** Who among the following describes the concept of functional unity by analyzing the interaction in ritual context of different castes of Coorgs?

(A) A. M. Shah

(B) S. C. Dube

(C) T. K. Oommen

(D) M. N. Srinivas

**81.** Which one of the following sets of thinkers is related to Elite theory?

(A) Pareto, Marx, Weber

(B) Marx, Hegel, Pareto

(C) Pareto, Durkheim, Marx

(D) Pareto, Mosca, Michels

**82.** Which of the following thinkers opined that there are 'necessary conditions of existence' for human societies which are discoverable for scientific study?

(A) R. K. Merton

(B) Radcliffe-Brown

(C) B. Malinowski

(D) Talcott Parsons

**83.** Who stressed that the rate of invention in a society depends on the size of the culture base?

(A) F. W. Taylor

(B) H. M. Johnson

(C) W. F. Ogburn

(D) Murdock

**84.** Which one is not mentioned as a Purushartha?

(A) Dharma

(B) Karma

(C) Kaam

(D) Moksha

**85.** Who said, "The process of growth is the process of integration"?

(A) Auguste Comte

(B) P. A. Sorokin

(C) Herbert Spencer

(D) V. Pareto

**86.** Who has used the terms 'Lion' and 'Fox' in his theory of circulation of Elites?

(A) Karl Marx

(B) Vilfredo Pareto

(C) Mosca

(D) E. Durkheim

www.prepp.in

prepp
Your Personal Exams Guide

**80.** इनमें से कौन कुर्ग की विभिन्न जातियों के कर्मकाण्ड के सन्दर्भ में अन्तर्क्रिया का विश्लेषण करके प्रकार्यात्मक एकता की अवधारणा का वर्णन करता है?

(A) ए० एम० शाह

(B) एस० सी० दुबे

(C) टी० के० ओमन

(D) एम० एन० श्रीनिवास

**81.** निम्नलिखित में से कौन-सा विचारकों का एक युग्म अभिजात वर्ग के सिद्वांत से सम्बन्धित है?

(A) पैरेटो, मार्क्स, वेबर

(B) मार्क्स, हीगल, पैरेटो

(C) पैरेटो, दुर्खीम, मार्क्स

(D) पैरेटो, मोस्का, मिशेल

**82.** इनमें से किस विचारक का मत था कि मानव समाजों के लिए 'अस्तित्व की आवश्यक शर्तें हैं' जो वैज्ञानिक अध्ययन के लिए खोजी जा सकती हैं?

(A) आर० के० मर्टन

(B) रैडक्लिफ-ब्राउन

(C) बी० मैलिनोस्की

(D) टैल्कॉट पार्सन्स

**83.** किसने इस बात पर जोर दिया कि किसी समाज में आविष्कार की दर संस्कृति आधार के आकार पर निर्भर करती है?

(A) एफ० डब्ल्यू० टेलर

(B) एच० एम० जॉनसन

(C) डब्ल्यू० एफ० ऑगबर्न

(D) मर्डोक

**84.** कौन-सा एक पुरुषार्थ के रूप में उल्लिखित नहीं है?

(A) धर्म

(B) कर्म

(C) काम

(D) मोक्ष

**85.** किसने कहा, "वृद्धि की प्रक्रिया एकीकरण की प्रक्रिया होती है"?

(A) अगस्त कॉम्ट

(B) पी० ए० सोरोकिन

(C) हरबर्ट स्पेन्सर

(D) वी० पैरेटो

**86.** अपने अभिजात वर्ग के परिभ्रमण के सिद्धान्त में किसने 'शेर' और 'लोमड़ी' शब्दों का प्रयोग किया है?

(A) कार्ल मार्क्स

(B) विल्फ्रेडो पैरेटो

(C) मोस्का

(D) ई० दुर्खीम

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**87.** According to which of the following scholars, the joint family is changing, it is not moving to a conjugal nuclear system, but towards the 'adaptive extended family'?

(A) A. A. Khatri

(B) Yogendra Singh

(C) A. Beteille

(D) M. S. Gore

**88.** Who called the structural aspect of society as 'social morphology'?

(A) Max Weber

(B) Herbert Spencer

(C) Radcliffe-Brown

(D) P. A. Sorokin

**89.** Who among the following contributed in establishing the field of 'social ecology'?

(A) Radhakamal Mukerjee

(B) Ramachandra Guha

(C) D. P. Mukerjee

(D) Both (A) and (B)

**90.** Who studied the 'Arunta' tribe?

(A) S. C. Dube

(B) M. N. Srinivas

(C) Radcliffe-Brown

(D) E. Durkheim

**91.** Who among the following propounded the most famous functionalist theory of stratification?

(A) Harry Braverman

(B) Max Weber

(C) K. Davis and Moore

(D) John Westergaard

**92.** Who among the following believed that, 'religion, social status and property are all sources of power and authority'?

(A) Mahatma Gandhi

(B) J. L. Nehru

(C) B. R. Ambedkar

(D) David Hardiman

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**87.** इनमें से किस विद्वान के अनुसार, संयुक्त परिवार परिवर्तित हो रहा है, यह एक संयुग्मित एकाकी व्यवस्था की ओर नहीं बढ़ रहा है, अपितु 'अनुकूलित विस्तृत परिवार' की ओर बढ़ रहा है?

(A) ए० ए० खत्री

(B) योगेन्द्र सिंह

(C) ए० बेते

(D) एम० एस० गोरे

**88.** किसने समाज के संरचनात्मक पक्ष को 'सोशल मॉरफोलॉजी' (सामाजिक आकृति-विज्ञान) कहा है?

(A) मैक्स वेबर

(B) हरबर्ट स्पेन्सर

(C) रैडक्लिफ-ब्राउन

(D) पी० ए० सोरोकिन

**89.** इनमें से किसने 'सामाजिक पारिस्थितिकी' के क्षेत्र को स्थापित करने में योगदान दिया है?

(A) राधाकमल मुकर्जी

(B) रामचन्द्र गुहा

(C) डी० पी० मुकर्जी

(D) (A) और (B) दोनों

**90.** 'अरूण्टा' जनजाति का किसने अध्ययन किया?

(A) एस० सी० दुबे

(B) एम० एन० श्रीनिवास

(C) रैडक्लिफ-ब्राउन

(D) ई० दुर्खीम

**91.** इनमें से किसने स्तरीकरण के अति प्रसिद्ध प्रकार्यवादी सिद्धान्त को प्रतिपादित किया?

(A) हैरी ब्रेवरमैन

(B) मैक्स वेबर

(C) के० डेविस एवं मूरे

(D) जॉन वेस्टरगार्ड

**92.** इनमें से किसका मानना था कि 'धर्म, सामाजिक प्रस्थिति और सम्पत्ति सभी शक्ति और सत्ता के स्रोत हैं'?

(A) महात्मा गाँधी

(B) जे० एल० नेहरू

(C) बी० आर० अम्बेडकर

(D) डेविड हार्डीमैन

www.prepp.in

**93.** Who said, "Society is a network of social relationship"?

(A) Gillin and Gillin

(B) H. M. Johnson

(C) MacIver and Page

(D) Auguste Comte

**94.** Who among the following contributed towards developing the idea of reference group?

(A) R. K. Merton

(B) Herbert Hyman

(C) M. Sherif

(D) All of them

**95.** Who is the author of the book, *Society : An Introductory Analysis*?

(A) Herbert Spencer

(B) Kingsley Davis

(C) MacIver and Page

(D) H. M. Johnson

**96.** Who said, "The constitution of the new system cannot take place before the destruction of the old"?

(A) Karl Marx

(B) Auguste Comte

(C) Max Weber

(D) Herbert Spencer

**97.** Who talked about the three approaches to the study of Indian society?

(A) Yogendra Singh

(B) K. L. Sharma

(C) Dumont

(D) Bernard S. Cohn

**98.** Which 'Marxologist' believed that the 'un-historically minded' young Marxist ran the risk of ending up as a 'fascist'?

(A) A. R. Desai

(B) D. P. Mukerjee

(C) R. K. Mukerjee

(D) P. N. Prabhu

**99.** Who said, "Society is a system of mutually related institutions"?

(A) MacIver and Page

(B) H. M. Johnson

(C) Auguste Comte

(D) Adam Ferguson

**100.** Which one of the following is not a type of authority according to Max Weber?

(A) Rational-legal authority

(B) Personal authority

(C) Traditional authority

(D) Charismatic authority

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**93.** किसने कहा, ''समाज सामाजिक सम्बन्धों का जाल है''?

(A) गिलिन एवं गिलिन

(B) एच० एम० जॉनसन

(C) मैकाइवर एवं पेज

(D) अगस्त कॉम्ट

**94.** इनमें से किसने सन्दर्भ समूह के विचार के विकास में योगदान किया है?

(A) आर० के० मर्टन

(B) हरबर्ट हायमैन

(C) एम० शेरिफ

(D) इनमें से सभी

**95.** *सोसाइटि : ऐन इन्ट्रोडक्टरी ऐनालिसिस* पुस्तक के लेखक कौन हैं?

(A) हरबर्ट स्पेन्सर

(B) किंग्सले डेविस

(C) मैकाइवर एवं पेज

(D) एच० एम० जॉनसन

**96.** किसने कहा, ''पुरानी व्यवस्था के विनाश के पूर्व नई व्यवस्था का गठन नहीं हो सकता है''?

(A) कार्ल मार्क्स

(B) अगस्त कॉम्ट

(C) मैक्स वेबर

(D) हरबर्ट स्पेन्सर

**97.** किसने भारतीय समाज के अध्ययन हेतु तीन उपागमों की बात की है?

(A) योगेन्द्र सिंह

(B) के० एल० शर्मा

(C) ड्यूमा

(D) बर्नार्ड एस० कोहन

**98.** किस 'मार्क्सवादी' का मानना था कि 'गैर-ऐतिहासिक रूप से सोच' वाला युवा मार्क्सवादी 'फासीवादी' के रूप में समाप्त होने का जोखिम उठाता है?

(A) ए० आर० देसाई

(B) डी० पी० मुकर्जी

(C) आर० के० मुकर्जी

(D) पी० एन० प्रभु

**99.** किसने कहा, ''समाज परस्पर सम्बन्धित संस्थाओं की एक व्यवस्था है''?

(A) मैकाइवर एवं पेज

(B) एच० एम० जॉनसन

(C) अगस्त कॉम्ट

(D) ऐडम फर्गुसन

**100.** निम्नलिखित में से कौन-सा एक मैक्स वेबर के अनुसार सत्ता का प्रकार नहीं है?

(A) तार्किक-विधिक सत्ता

(B) व्यक्तिगत सत्ता

(C) परम्परागत सत्ता

(D) करिश्माई सत्ता

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

03/FH/CC/M–2023–26

पुस्तिका शृंखला

**C**

उम्मीदवार का अनुक्रमांक

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

# प्रश्न–पुस्तिका

# समाजशास्त्र

**समय : 2 घण्टे**

**पूर्णांक : 100**

**प्रश्नों के उत्तर देने से पहले नीचे लिखे अनुदेशों को ध्यान से पढ़ लें।**

## महत्त्वपूर्ण अनुदेश

1. इस प्रश्न-पुस्तिका में कुल **100** प्रश्न हैं।
2. **सभी** प्रश्नों के अंक समान हैं।
3. **सभी** प्रश्नों के उत्तर दें।
4. **परीक्षा आरम्भ होते ही आप अपनी प्रश्न-पुस्तिका की जाँच कर देख लें कि इसके ऊपर दायीं ओर प्रश्न-पुस्तिका की शृंखला मुद्रित है। कृपया जाँच लें कि पुस्तिका में रफ़ कार्य हेतु दो पृष्ठों (पृष्ठ संख्या 30 और 31) सहित पूरे 32 मुद्रित पृष्ठ हैं और कोई प्रश्न या पृष्ठ बिना छपा हुआ या फटा हुआ या दोबारा आया हुआ तो नहीं है। पुस्तिका में किसी प्रकार की त्रुटि पाने पर तत्काल इसके बदले इसी शृंखला की दूसरी सही पुस्तिका ले लें।**
5. यदि किसी प्रश्न में किसी प्रकार की कोई मुद्रण या तथ्यात्मक प्रकार की त्रुटि हो, तो प्रश्नों के अंग्रेजी तथा हिन्दी रूपान्तरों में से अंग्रेजी रूपान्तर को मानक माना जायेगा।
6. इस पृष्ठ के ऊपर निर्धारित स्थान में अपना अनुक्रमांक अवश्य लिखें। प्रश्न-पुस्तिका पर और कुछ न लिखें।
7. प्रश्नों के उत्तर देने के लिए आपको वीक्षक द्वारा अलग से उत्तर पत्रक दिया जायेगा। **अपने उत्तर पत्रक के पृष्ठ-2 पर निर्धारित स्थान में अपना नाम, अनुक्रमांक, प्रश्न-पुस्तिका शृंखला तथा अन्य विवरण अवश्य लिखें अन्यथा आपका उत्तर पत्रक जाँचा नहीं जायेगा।**
8. उत्तर पत्रक के **पृष्ठ-2** पर निर्धारित स्थान में अपने **अनुक्रमांक** तथा **प्रश्न-पुस्तिका की शृंखला A, B, C या D** जैसा इस प्रश्न-पुस्तिका के आवरण पृष्ठ के ऊपर दायीं ओर अंकित है, से सम्बन्धित कोष्ठक को काली/नीली स्याही के बॉल-पॉइन्ट पेन से अवश्य कूटबद्ध करें। **उत्तर पत्रक पर प्रश्न-पुस्तिका शृंखला अंकित नहीं करने अथवा गलत शृंखला अंकित करने पर उत्तर पत्रक का सही मूल्यांकन नहीं होगा।**
9. इस पुस्तिका में सभी प्रश्न और उनके उत्तर अंग्रेजी एवं हिन्दी में मुद्रित हैं। प्रत्येक प्रश्न के **चार** उत्तर—(A), (B), (C) और (D) क्रम पर दिये गये हैं। उनमें से आप सबसे सही **केवल एक** उत्तर को चुनें और अपने उत्तर पत्रक पर अंकित करें। यदि आपको ऐसा लगे कि किसी प्रश्न के एक से अधिक उत्तर सही हैं, तो आप अपने उत्तर पत्रक में उस उत्तर को अंकित करें जो आपको सर्वोत्तम लगे। प्रत्येक प्रश्न के लिए **केवल एक** ही उत्तर चुनना है। आपका कुल प्राप्तांक आपके द्वारा उत्तर पत्रक में अंकित सही उत्तरों पर निर्भर होगा।
10. उत्तर पत्रक में प्रत्येक प्रश्न संख्या के सामने **चार** वृत्त इस प्रकार बने हुए हैं—(A), (B), (C) और (D)। प्रश्नों के उत्तर देने के लिए आपको अपनी पसन्द के **केवल एक वृत्त को काली/नीली स्याही के बॉल-पॉइन्ट पेन** से चिह्नित करना है। प्रत्येक प्रश्न के लिए केवल एक उत्तर को चुनें और उसे अपने उत्तर पत्रक में चिह्नित करें। आप उत्तर पत्रक में यदि एक प्रश्न के लिए एक से अधिक वृत्त में निशान लगाते हैं, तो आपका उत्तर गलत माना जायेगा। **उत्तर पत्रक में उत्तर को चिह्नित करने के लिए केवल काली/नीली स्याही के बॉल-पॉइन्ट पेन का ही प्रयोग करें। किसी भी प्रकार का काट-कूट अथवा परिवर्तन मान्य नहीं है।**
11. प्रश्न-पुस्तिका से कोई पन्ना फाड़ना या अलग करना मना है। प्रश्न-पुस्तिका और उत्तर पत्रक को परीक्षा की अवधि में परीक्षा भवन से बाहर कदापि न ले जायें। **परीक्षा के समापन पर उत्तर पत्रक वीक्षक को अवश्य सौंप दें।** उसके बाद आपको अपनी प्रश्न-पुस्तिका अपने साथ ले जाने की अनुमति है।
12. ऊपर के अनुदेशों में से किसी एक का भी पालन नहीं करने पर आप पर आयोग के विवेकानुसार कार्रवाई की जा सकती है अथवा आपको दण्ड दिया जा सकता है।

**Note :** English version of the instructions is printed on the First Page of this Booklet.

SEAL



DK23—42×4